**उ0प्र0, विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित, डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-33 का उत्तर-**

| अतारांकित प्रश्न संख्या-33 | उत्तर |
|---|---|
| 33 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव में नगर पालिका परिषद के आवास विकास कालोनी वाजिदपुर उर्फ राजेपुर में राजपूत जरनल स्टोर से हनुमान मन्दिर होते हुये कमल वीर ब्राइट फ्यूचर एकेडमी तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क नाली के निर्माण हेतु रूपये 21.48 लाख रूपये का आगणन विभाग द्वारा तैयार किया गया था ? | नगर पालिका परिषद उन्नाव द्वारा उक्त आगणन तैयार किया गया है। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या उक्त सड़क तथा नाली का निर्माण नगर पालिका द्वारा वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करते हुये करा दिया गया है ? | नगर पालिका परिषद उन्नाव की बोर्ड बैठक में स्वीकृति एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर कार्य कराया जाना सम्भव होगा। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब? | उपरोक्तानुसार |
| (घ) यदि नहीं, तो अबतक वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त सड़क का निर्माण न किये जाने के क्या कारण है? | दिनांक 24-02-2024 के उपरान्त नगर पालिका परिषद उन्नाव के बोर्ड की कोई बैठक आयोजित न होने के कारण उक्त निर्माण कार्य कराये जाने पर अनुमोदन प्राप्त नहीं हो सका है। नगर पालिका की कोई बैठक आहूत न किये जाने के प्रकरण में जिलाधिकारी, उन्नाव से शासन के पत्र दिनांक 12-12-2024 के माध्यम से आख्या मांगी गयी है। |

ए.के. शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।